दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

अभ्यास कार्य पत्र

कक्षा- तीसरी विषय- हिंदी

उपविषय- पठित गद्यांश ,संज्ञा, भाषा

निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

गिन्नू बहुत उदास था। उसने चीची से कहा- इसे कई दिनों से बुखार है। कड़वी दवाइयाँ खाते-खाते यह कमज़ोर हो रहा है। आज सुबह से यह पनीर खाने की ज़िद कर रहा है। भला पनीर कहाँ से मिलेगा मुझे कहते हुए गिन्नू की आँखों में आँसू आ गए। गिन्नू के आँसू देखकर चीची का दिल भर आया। गिन्नू के बीमार बेटे की तरफ़ देखते हुए चीची अपने बिल में लौट आया। चीची ने पनीर के टुकड़े की ओर देखा। जितनी बार उसे खाने की सोचता, उसे गिन्नू के बेटे का चेहरा याद आ जाता। मन में कुछ सोचकर चीची ने पनीर के टुकड़े को उठा लिया। थोड़ी देर में वह गिन्नू के घर पहुँचा। उसने चीनी में लिपटा हुआ पनीर का टुकड़ा गिन्नू के बेटे को दे दिया। गिन्नू का बेटा खुश होकर पनीर खाने लगा। यह देखकर चीची को भी खुशी हो रही थी। बहुत ज़्यादा खुशी इतनी खुशी कि शायद खुद पनीर खाने से भी उसे नहीं मिलती।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्र॰1 गिन्नू का बेटा क्या खाकर कमज़ोर होता जा रहा था?

प्र॰2 जितनी बार भी चीची ने पनीर खाने का सोचा उसे किसका चेहरा याद आता रहा?

निम्न दिए गए वाक्यों में सही/ गलत लिखें।

प्र॰3 गिन्नू बहुत उदास था। ( )

प्र॰4 चीची ने नमक में लिपटा हुआ पनीर का टुकड़ा गिन्नू के बेटे को दे दिया। ( )

निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखें :-

प्र.5 ज़िद - आज्ञा , हठ , गुस्सा

प्र.6 खुद - अपना , स्वयं , उसका

निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द रेखांकित करके लिखिए-

प्र.7) माही क्रिकेट खेलता है।

प्र.8) भारत की राजधानी दिल्ली है।

प्र.9) वह लीची खा रहा है।

प्र.10) नीता को खेलना पसंद है।

प्र.11) बाग में टहलने चलिए।

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा के सही रूप लिखिए:

प्र.12) दादी माँ कहानी सुना रही हैं।

<

प्र.13) राधा ने सही उत्तर लिखा ।

<

प्र.14) रमा ने कक्षा में कविता सुनाई |

<

प्र.15) आदित्य अपने मित्र को पत्र लिख रहा है।

<

प्र.16) रमा अपना गृह कार्य लिख रही है।

<